विधानसभा-बजट सत्र

आज विधानसभा में बजट सत्र की शुरुआत के मौके पर अभिभाषण देने पहुंचे राज्यपाल मंगुभाई पटेल की अगवानी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की। इसके साथ ही सत्र की कार्यवाही औपचारिक रूप से शुरू हुई। सदन की शुरुआत वंदे मातरम् के गायन से हुई, जिसके बाद राज्यपाल ने सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं और आने वाले लक्ष्यों पर अपना अभिभाषण दिया।

राज्यपाल के भाषण के दौरान विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया, जिसके चलते बैठक को अगले दिन तक के लिए टालना पड़ा। विधानसभा का यह सत्र 6 मार्च तक चलेगा।

एआई इम्पैक्ट समिट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में एआई इम्पैक्ट समिट में दुनिया भर से आए नेताओं, उद्योगपतियों, वैज्ञानिकों, नीति बनाने वालों और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र से जुड़े लोगों का स्वागत किया। पांच दिन चलने इस एआई शिखर सम्मेलन में दुनिया के सौ से ज्यादा देशों को बुलाया गया है और दो लाख से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

एआई इम्पैक्ट समिट- प्रदेश

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने "मध्यप्रदेश पैवेलियन" लगाया है। इस पैवेलियन के जरिए यह बताने की कोशिश की जा रही है कि कैसे प्रदेश सरकार एआई का इस्तेमाल सरकार के काम, स्वास्थ्य, खेती, ग्रामीण और शहरी विकास में कर रही है। इसके अलावा भोपाल, इंदौर और ग्वालियर के स्टार्टअप्स अपने नए एआई आधारित समाधान पेश करेंगे।

साइबर पंजीयन कार्यालय

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दोपहर 3 बजे भोपाल में नए साइबर पंजीयन कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा भी मौजूद रहेंगे। अरेरा हिल्स स्थित पंजीयन भवन में बनने वाला यह दफ्तर पूरी तरह आधुनिक तकनीक से लैस है। यहां खास सॉफ्टवेयर और सुरक्षित सर्वर लगाए गए हैं, जिससे जमीन-मकान की रजिस्ट्री का काम पहले से आसान और तेज होगा।

राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज बड़वानी जिले के नांगलवाड़ी ग्राम जा रहे हैं. यहां वे भिलट देव मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद दोपहर 3 बजकर गांव में आयोजित "हर ग्राम एक काम" कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे और सिकल सेल एनीमिया जांच शिविर में शामिल होंगे।

स्थापना दिवस

भोपाल में आज राज्य निर्वाचन आयोग का 32वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत निर्वाचन आयोग के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओ. पी. रावत हैं। समारोह में स्थानीय चुनावों की भूमिका, सुधार की चुनौतियां और पारदर्शी चुनाव जैसे विषयों पर व्याख्यान होंगे।

अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री ने 79वें दिल्ली पुलिस स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होकर पुलिस कर्मियों को मेडल दिए। उन्होंने दिल्ली पुलिस की 10 नई परियोजनाओं की शुरुआत की और बताया कि सेफ सिटी योजना के तहत हजारों कैमरे राजधानी की सुरक्षा से जोड़े जा रहे हैं।

खेल महोत्सव- पुरस्कार

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विदिशा-रायसेन संसदीय क्षेत्र में हुए सांसद खेल महोत्सव के विजेता खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपये से ज्यादा की पुरस्कार राशि दी। करीब 100 दिन तक चले इस आयोजन में गांव-गांव के युवाओं ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई।

सोना और चांदी

सोना और चांदी की कीमतों में आज सुबह की गिरावट के बाद रिकवरी देखने को मिली है। सुबह में सोने का भाव करीब 1 लाख 54 हजार रुपये तक फिसला, जो डेढ़ बजे तक बढ़कर करीब 1 लाख 55 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं चांदी में भी उछाल आया है। सुबह करीब 2 लाख 35 हजार रुपये प्रति किलो तक गिरने के बाद चांदी, दोपहर में करीब 2 लाख 41 हजार रुपए पर पहुंच गई ।

क्रिकेट

टी20 क्रिकेट वर्ल्ड कप 2026 में अफगानिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात के बीच नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुकाबला खेला जा रहा है। अफगानिस्तान को जीत के लिए 161 रनों का टारगेट मिला है। वहीं दोपहर 3 बजे इंग्लैंड और इटली शाम 7 बजे श्रीलंका में ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत श्रीलंका से होगी।

अब कुछ समाचार संक्षेप में ....

- नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी में आयोजित 10 दिवसीय चौरागढ़ मेले का कल महाशिवरात्रि पर समापन हो गया। करीब 7 लाख के श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए।
- श्योपुर जिले के कूनों नेशनल पार्क में चीता प्रोजेक्ट के बोत्सवाना 28 फरवरी को आने वाले चीतों की सुरक्षित लैंडिंग हेतु आज कूनों नेशनल पार्क हैलीपेड पर अधिकारियों की मौजूदगी में ट्रायल कराया गया।

- शिवपुरी जिले के करैरा में वरिष्ठ अधिवक्ता संजयकुमार सक्सेना हत्या के विरोध में आज नर्मदापुरम और जबलपुर में अधिवक्ता न्यायालयीन कामकाज से विरत हैं